हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

निकाय कर्मियों को नहीं मिला सितंबर माह का वेतन, चार माह की पीएफ कटौती भी नहीं हुई जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग में अधिकारी-कर्मचारियों से जुड़ी वेतन एवं भविष्य निधि संबंधी समस्याओं को लेकर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ, जिला दुर्ग ने आयुक्त महोदया को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर शीघ्र निराकरण की मांग की है। संघ ने सितंबर 2026 माह का वेतन अब तक नहीं मिलने तथा जून, जुलाई, अगस्त एवं सितंबर 2026 के वेतन से कटौती की गई जीपीएफ और सीपीएफ राशि संबंधित कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं होने पर चिंता जताई है। संघ के जिला अध्यक्ष राजूलाल चंद्राकार ने आयुक्त महोदया से आग्रह किया है कि कर्मचारियों की आर्थिक परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए दोनों मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए।

शासन के आदेश के बावजूद वेतन भुगतान लंबित

संघ ने अपने ज्ञापन में छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पत्र क्रमांक एफ 4-16/2009/18, दिनांक 10 अक्टूबर 2024 का स्पष्ट उल्लेख किया है। उक्त आदेश के माध्यम से नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 7 तारीख के स्थान पर 1 तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद सितंबर 2026 का वेतन लंबित होने से कर्मचारियों को घरेलू खर्च, बच्चों की स्कूल फीस, चिकित्सा व्यय और बैंक ऋण की किश्तों के भुगतान में परेशानी हो रही है। समय पर बिजली बिल जमा नहीं कर पाने की स्थिति में विलंब शुल्क एवं सरचार्ज के रूप में अतिरिक्त आर्थिक भार भी उठाना पड़ सकता है।

वेतन भुगतान में देरी और जीपीएफ, सीपीएफ राशि जमा नहीं होने पर कर्मचारियों में बढ़ा असंतोष

जीपीएफ और सीपीएफ कटौती राशि जमा कराने की मांग

संघ ने दूसरे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि नियमित अधिकारी-कर्मचारियों के जून, जुलाई, अगस्त एवं सितंबर 2026 के वेतन से जीपीएफ, सीपीएफ की राशि काटी गई है, लेकिन यह राशि अभी तक संबंधित कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं की गई है। ज्ञापन के अनुसार, भविष्य निधि की राशि कर्मचारियों की दीर्घकालीन आर्थिक सुरक्षा एवं पारिवारिक आवश्यकताओं से जुड़ी होती है। विवाह कार्यक्रम, मकान की मरम्मत, स्वास्थ्य उपचार तथा अन्य बड़े पारिवारिक कार्यों के लिए नियमानुसार राशि आहरित करने की आवश्यकता पड़ने पर खातों में राशि जमा नहीं होने अथवा अद्यतन प्रविष्टि उपलब्ध नहीं होने से कर्मचारियों को कठिनाई हो सकती है। संघ ने मांग की है कि चारों महीनों की कटौती गई राशि का माहवार मिलान कराया जाए, लंबित राशि संबंधित खातों में तत्काल जमा की जाए तथा खातों की प्रविष्टियों का सत्यापन कर उन्हें अद्यतन किया जाए। साथ ही भविष्य में कटौती की गई राशि समय पर जमा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



कर्मचारियों को राहत दिलाना संघ की प्राथमिकता : राजूलाल चंद्राकार

जिला अध्यक्ष राजूलाल चंद्राकार ने कहा कि नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारी निगम की सफाई व्यवस्था, जलप्रदाय, विद्युत व्यवस्था, वाहन संचालन, कंप्यूटर संबंधी कार्यों तथा अन्य नागरिक सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में समय पर वेतन भुगतान और कर्मचारियों के वेतन से काटी गई भविष्य निधि की राशि संबंधित खातों में जमा होना आवश्यक है। संघ की प्रमुख मांगें सितंबर 2026 का लंबित वेतन सभी संबंधित नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को शीघ्र जारी किया जाए, जून से सितंबर 2026 तक की जीपीएफ, ईपीएफ कटौती राशि संबंधित खातों में जमा कराई जाए तथा भविष्य में वेतन और भविष्य निधि संबंधी प्रक्रियाओं को समयबद्ध बनाया जाए।

खबर संक्षेप

से.-6 सोसाइटी की मतदाता सूची जारी, 27 तक दर्ज करा सकते हैं आपत्तियां

भिलाई। इस्पात कर्मचारी को ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड सेक्टर-6 के मतदाताओं की प्रथम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेश के अनुपालन में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी देवाशीष दास ने 16 अक्टूबर शुक्रवार को यह मतदाता सूची जारी की है। मतदाता सूची सोसायटी मुख्यालय रिसाली, पावर हाउस, नंदिनी और राजहरा शाखाओं के साथ-साथ संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारिता संस्थाएं, जनपद पंचायत कार्यालय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित और प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित सूचना पटल पर देखी जा सकती है। इस मतदाता सूची के संबंध में दावा या आपत्ति 27 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय में सोसायटी के मुख्यालय-सहकारी सदन, एवेन्यू-ए, सेक्टर-06, भिलाई नगर में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अधिकृत वरिष्ठ सहायक चंचल प्रसाद तिवारी के पास लिखित रूप में सप्रमाण प्रस्तुत की जा सकती है। सदस्यों से प्राप्त सभी दावों एवं आपत्तियों का निराकरण रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से सोसायटी के मुख्यालय में किया जाएगा। इसके पश्चात अंतिम सदस्य और मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर जोर, लापरवाही बरतने वाले पटवारियों पर की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण और आम नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह लगातार राजस्व कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की तथा अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने नामांतरण, फौती, बंटवारा, सीमांकन, धारणाधिकार, भूमि आवंटन और मुआवजा वितरण सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लंबित मामलों के निराकरण में अनावश्यक देरी पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा से बाहर लंबित फौती नामांतरण और बंटवारा प्रकरणों की समीक्षा की। इसके साथ ही ऑनलाइन रिकॉर्ड दुरुस्ती, नक्शा संशोधन, बटांकन और डीसीएस से संबंधित कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समय-सीमा में पूरे किए जाने वाले राजस्व प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग करते हुए संबंधित अधिकारियों और मैदानी अमले से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली जाए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि आदेश पारित होने के बाद रिकॉर्ड दुरुस्ती सहित संबंधित कार्यों का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। कार्यों में अनावश्यक देरी करने वाले पटवारियों की प्रकरण क्रमांक सहित सूची तैयार कर जिम्मेदारी तय की जाए। लगातार लापरवाही बरतने और निर्देशों के बावजूद कार्य पूरा नहीं करने वाले पटवारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए निलंबन के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए।

लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश



बैठक में नॉन जियो रिफरेंस खसरों की दुरस्ती पर दिया जोर

बैठक में नॉन जियो-रिफरेंस खसरों, नक्शा दुरुस्ती और बटांकन के लंबित मामलों को भी प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया गया। साथ ही, पटवारियों की अनुपलब्धता के कारण राजस्व कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा तकनीकी बाधाओं के समाधान के लिए आवश्यक पत्राचार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने खसरा सर्वे, पॉलीगन मैपिंग की समीक्षा की। उन्होंने बिना जियो-रिफरेंसिंग वाले खेतों की मौके पर जाकर सही पहचान करने और इस वर्ष धान लगाए गए छूटे हुए खेतों का प्राथमिकता से सर्वे करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को धान विक्रय में परेशानी न हो।

खेतों की वास्तविक जानकारी अपडेट करने के निर्देश

कलेक्टर ने खेतों की सही स्थिति और सीमाएं निर्धारित करने के लिए पटवारी, सरपंच, पंच, ग्राम कोटवार और भूमि स्वामियों का सहयोग लेने को कहा। तैयार किए गए नक्शों की जांच के बाद ही उन्हें डिजिटल क्रॉप सर्वे में दर्ज करने को कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंग, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम दुर्ग शहर प्रफुल्ल गुप्ता, एसडीएम दुर्ग ग्रामीण सोनाल डेविड, एसडीएम पाटन नीर निधि, एसडीएम धमधा अंजलि खलको, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, भू अधीक्षक, सहायक अधीक्षक उपस्थित थे।

पीवी एप में आ रही दिक्कतों का पटवारी कर रहे विरोध

बता दें कि पीवी एप में आ रही तकनीकी दिक्कतों को लेकर पटवारियों द्वारा विरोध दर्ज कराया गया है। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के बैनरतले प्रदर्शन भी किया जा रहा है। पटवारियों ने बताया कि एप की व्यवहारिक समस्याओं का निराकरण नहीं किए जाने पटवारी पर की जा रही दमनात्मक करवाई की जा रही है। एप से कराए जा रहे फसल के भौतिक सत्यापन कार्य में आ रही विभिन्न व्यावहारिक एवं तकनीकी समस्याओं से पूर्व में ज्ञापन के माध्यम से शासन एवं विभाग को अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक उक्त समस्याओं का कोई ठोस एवं व्यावहारिक समाधान नहीं की गई है। वर्तमान में डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्री स्टेक पंजीयन, किसान पंजीयन, बकेट क्लेम, जनगणना प्रथम चरण, लघु सिंचाई संगणना, रेलवे सर्वे, एनएच सर्वे, आय, जाति, निवासी, स्वामित्व योजना सेवा संकल्पना शिविर, प्रोटोकॉल इत्यादि कार्यों को प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसके बावजूद प्रतिकूल एवं व्यवहारिक पीवी एप बहिष्कार करने के कारण बलौदा बाजार और गौरेला, पेंड्रा, मारवाही में पदाधिकारी एवं अन्य साथियों का ट्रांसफर, कारण बताओ नोटिस, महासमुंद जिले में पटवारी को निलंबित किया गया है, जो की अत्यंत खेद जनक है।

गौशालाओं को ग्रामोद्योग से जोड़कर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

देश के व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों के सबसे बड़े अखिल भारतीय संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की दुर्ग जिला इकाई कार्यालय में गौशालाओं को आत्मनिर्भर, आधुनिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत संघचालक बिसरा राम यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में गौशालाओं को ग्रामोद्योग से जोड़ने, आसपास की ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने, गौ-आधारित उत्पादों का प्रशिक्षण देने तथा गौशालाओं में नियमित हरे चारे की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यापक कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। कैट दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष प्रकाश सांखला, महामंत्री प्रकाश गोलछा एवं महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन ने बताया कि गौशालाओं को केवल गौसंरक्षण तक सीमित न रखकर उन्हें ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला उद्यमिता एवं स्वदेशी ग्रामोद्योग का सशक्त केंद्र बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को गोबर से दीपक, धूपबत्ती, हवन सामग्री, जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य उपयोगी गौ-आधारित उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण देने की योजना तैयार की गई है। इन उत्पादों के विपणन में स्थानीय व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों का सहयोग लेने पर भी चर्चा हुई।

हत्या में फरार आरोपी पर इनाम घोषित

भिलाई। हत्या के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी पर पुलिस ने ईनाम घोषित किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि लुचकीपारा, वार्ड 07 दुर्ग निवासी रविदास मानिकपुरी हत्या के मामले में फरार चल रहा है। पुलिस ने इसके ऊपर दस हजार रुपए नगद घोषित किया है। आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया गया। पता नहीं चल मिलने पर आम नागरिकों से सहयोग नगद इनाम रखा गया था।गोपनीय तरीके से पुलिस ने तलाश करना शुरु किया। क्लू मिलने पर रविदास को पकड़ा गया।

जुनवानी में बनेगी पानी की नई टंकी, खम्हरिया से चिखली तक सड़क का होगा डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



- वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के प्रयासों से करोड़ों के कार्यों को मंजूरी

आगामी नगरीय निकाय चुनाव से ठीक पहले वैशालीनगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन के निरंतर प्रयासों और प्रभावी प्रस्तावों के फलस्वरूप राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा करोड़ों रुपये के महत्वपूर्ण विकास कार्यों को हरी झंडी दे दी गई है। एक दिन पूर्व ही विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-1 से 37 तक के लिए 9 करोड़ 41 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिसके तुरंत बाद अब 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 24 करोड़ 36 लाख रुपये से अधिक पेयजल एवं वायु गुणवत्ता सुधार के बड़े प्रोजेक्ट्स की अनुमति जारी कर दी गई है। चुनाव पूर्व मिली इन दोहरी स्वीकृतियों से समूचे वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह व हर्ष की लहर है। विधायक रिकेश सेन ने क्षेत्र के नागरिकों से किए अपने वादों को धरातल पर उतारते हुए शासन स्तर पर इन कार्यों को प्राथमिकता से स्वीकृत कराया है।

वार्ड-1 जुनवानी में 13.72 करोड़ की सौगात वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट को मिली है। जुनवानी एवं आसपास की कॉलोनियों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों में पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 13 करोड़ 72 लाख 55 हजार रुपये की लागत से उच्च स्तरीय जलागार, संपवेल, राइजिंग मेन पाइप लाइन और पंप हाउस निर्माण किए जाएंगे। जुनवानी में 25 मीटर स्टेजिंग हाइट युक्त पानी टंकी निर्माण, राइजिंग मेन पाइप लाइन बिछाना, 66 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जुनवानी के प्रस्तावित टैंक तक 4000 मीटर लंबी और 300 एमएम व्यास की पाइप लाइन से कॉलोनियों में जलापूर्ति विस्तार होगा।

सड़क किनारे लगेंगे पेवर ब्लॉक, अन्य कार्यों की भी स्वीकृति

66 एमएलडी प्लांट में नए टैंक हेतु एक्सक्लूसिव संप निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़कों की बहाली एवं पेवर ब्लॉक, नाली आदि कार्य होंगे। साथ ही 400 मीटर बाउंड्री वॉल, 70 एचपी पंपिंग मशीनरी तथा पंप हाउस निर्माण, वार्ड-1 से 37 के प्रमुख डामरीकरण कार्य वायु गुणवत्ता सुधार घटक के अंतर्गत कुल 10.64 करोड़ रुपये के डामरीकरण व सड़क नवीनीकरण कार्यों की स्वीकृति मिली है। खम्हरिया भाठा पानी टंकी से चिखली रोड माइल स्टोन स्कूल मुख्य मार्ग का डामरीकरण, वार्ड-4 नेहरू नगर पूर्व व्यावसायिक परिसर, कृष्णा डेयरी के आसपास तथा अन्य क्षेत्रों में डामरीकृत मार्गों का नवीनीकरण, वार्ड-7 अयप्पा नगर तथा राधिका नगर क्षेत्र में डामरीकरण, वार्ड-11 फरीद नगर मुरम खदान चौक के आसपास डामरीकरण, वार्ड-12 विवेकानंद नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शीतला तालाब के आसपास मार्गों का डामरीकृत नवीनीकरण, वार्ड 18 में 18 नंबर रोड में जीई रोड से सुभाष चौक तक एवं सुभाष चौक से जलेबी चौक तक सड़क डामरीकरण व रोड मार्किंग, वार्ड 20 वैशाली नगर, सुंदर नगर के आसपास डामरीकरण सहित अन्य कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

बसों का किराया बढ़ाया जाना जनता के साथ अन्याय : अलताफ अहमद

दुर्ग। मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद कहा कि प्रदेश में बस किराये में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी आम छत्तीसगढ़िया की जेब पर सीधा डाका है। उन्होंने कहा कि एक साल के भीतर दूसरी बार बस किराए में की गई बढ़ोतरी आभार सीधा जनता पर पड़ेगा जिसमें महिलाएं छात्र गरीब वर्ग किसान शामिल है। इस पर सरकार को पुनर्विचार कर जनता को राहत देना चाहिए। सरकार को चाहिए कि डीजल पर टैक्स कम करें और बसों का परमिट टेक्स रोड टेक्स कम करें जिससे बस मालिकों को भी राहत मिलेगी।

अलताफ अहमद ने कहा कि डीजल के दाम स्थिर होने के बावजूद किराया बढ़ाना समझ से परे है। पहले ही महंगाई, रसोई गैस के दाम, बिजली के बिल से जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने बिजली के दामों में भी भारी वृद्धि की है। कृषि के पंप की बिजली में भी की बढ़ोतरी की गई है। जबकि कांग्रेस की सरकार में 5 साल में केवल 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी और उस दौरान 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू कर जनता को राहत दी गई थी। अब भाजपा सरकार ने बिजली के दाम में 31.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। प्रदेश में पटवारी तीन सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। पिछले वर्ष भी धान खरीदी शुरू होने पर पहले पटवारी हड़ताल पर गए थे। सरकार हड़ताल की नौबत क्यों आने देती है?

टाउनशिप के जर्जर व खाली भवनों में बढ़ी अराजकता बीएसपी करेगी जमींदोज, दुर्घटनाओं से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कभी नीट एंड क्लीन और शांत माने जाने वाले टाउनशिप में अराजकता बढ़ रही है। बीएसपी के जर्जर और खाली पड़े भवनों और खंडहरों में असामामाजिक तत्वों का डेरा है। वहीं इनसे दुर्घटना का अंदेशा भी बना हुआ है। इसे देखते हुए अब भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अनुपयोगी और और अनफिट क्वार्टरों को डिस्मेंटल किए जाने की मुहिम फिर से शुरु कर दी गई है। विशेष अभियान के दौरान सेक्टर 6 सहित अन्य क्षेत्रों के जर्जर ढांचों को गिराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जर्जर, क्षतिग्रस्त एवं लंबे समय से



अनुपयोगी भवनों तथा अन्य संरचनाओं के ध्वस्तीकरण सुरक्षा, संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम व परिसंपत्तियों का संरक्षण करने के साथ असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण लगाने के लिए की जा रही है।साठ साल पुराने बने कई भवन एवं संरचनाएं अत्यधिक जर्जर हो गई हैं तथा उपयोग के योग्य नहीं रह गई हैं। ऐसे भवनों में छत, दीवारों एवं अन्य हिस्सों के गिरने की आशंका बनी रहती है। इससे आसपास रहने

किए जा रहे चिन्हित

खाली पड़े एवं अनुपयोगी भवनों का उपयोग असामाजिक तत्वों द्वारा अनधिकृत गतिविधियों के लिए किए जाने की आशंका भी रहती है। इससे क्षेत्र की सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा ऐसे भवनों और संरचनाओं को चिह्नित कर उन्हें डिस्मेंटल करने की कार्रवाई की जा रही है। बीएसपी प्रबंधन ने नागरिकों से अपील करता है कि वे जर्जर एवं असुरक्षित घोषित भवनों तथा संरचनाओं के निकट जाने, उनमें प्रवेश करने अथवा उनका उपयोग करने से बचें।

वाले नागरिकों, राहगीरों तथा अन्य व्यक्तियों के लिए दुर्घटना का खतरा उत्पन्न हो सकता है।

समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित

घास भूमि पर कब्जा कर मकान निर्माण, हटाने के आदेश के बाद भी जारी है काम, हाउसिंग बोर्ड में मोबाइल टॉवर का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कार्यालय के सभागार में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन दर्शन लगाया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 84 आवेदन प्राप्त हुए। इसी कड़ी पाटन तहसील के ग्राम बोदल में घास भूमि पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण किए जाने की शिकायत की। ग्रामवासी ने शिकायत कर अतिक्रमण हटाने और निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि घास भूमि के एक हिस्से पर कब्जा कर मकान निर्माण किया जा रहा है। इससे आम रास्ते की चौड़ाई कम होकर लगभग 3.4 मीटर रह गई है, जबकि पहले रास्ता करीब 20 फीट चौड़ा था। दोनों पक्षों के दस्तावेजों और पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया गया था। आदेश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया और निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार पाटन को त्वरित कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए।



मेड़ेसरा में नाले का बदल दिया रास्ता

ग्राम पंचायत मेड़ेसरा तहसील अहिवारा निवासी ने शासकीय नाले का रास्ता अवैध रूप से बदलने और शासकीय भूमि पर कब्जे की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि पुराने प्राकृतिक नाले का रास्ता बदलकर उसे छोटा कर दिया गया है तथा शेष भूमि पर खेती की जा रही है। इससे बारिश और बाढ़ का पानी खेतों में भरने से फसलों को नुकसान तथा खेतों की मेड़ों का कटाव हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार अहिवारा को मौके का जांच व नाप करवाकर अतिक्रमण पाए जाने पर कार्यवाही

हाउसिंग बोर्ड में विरोध के बाद भी लगाया जा रहा मोबाइल टॉवर

भिलाई के वार्ड क्रमांक 25 स्थित हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने को लेकर मोहल्लेवासियों ने शिकायत की। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पहले से ही छत पर मोबाइल टावर लगा हुआ है और अब वहां दोबारा टावर लगाने का काम किया जा रहा है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि उनकी अनुमति के बिना निर्माण कार्य किया जा रहा है। निवासियों ने मोबाइल टावर से निकलने वाले विद्युत चुंबकीय विकिरण के संभावित स्वास्थ्य प्रभावों को लेकर चिंता जताई। इस पर कलेक्टर ने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान लोगों ने सफाई, पेयजल, आवास, पेंशन, श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य विषयों से जुड़ी शिकायत भी की।

उत्तर भारतीय यात्रियों की समस्याओं पर चर्चा के लिए बैठक आज

भिलाई। छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेल यात्री सेवा संघ की ओर से उत्तर भारतीयों के लिए ट्रेन परिचालन से जुड़ी समस्याओं के समाधान और अपनी प्रमुख मांगों को लेकर एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है। यह बैठक रविवार 18 अक्टूबर को शाम 6 बजे मोहम्मद सलीम एडवोकेट कार्यालय में आयोजित होगी। संघ के अध्यक्ष हाजी एमएच सिद्दीकी ने उत्तर प्रदेश व बिहार विशेषकर छपरा, सिवान, देवरिया, गोरखपुर क्षेत्र के यात्रियों, वकीलों, व्यापारियों और समाजसेवियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। बैठक में दुर्ग-गोरखपुर नौतनवा एक्सप्रेस को सुबह 8 से 10 बजे के बीच चलाने और गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस को सप्ताह में 3 दिन वाया मऊ-भटनी-सिवान-छपरा रूट से संचालित करने जैसी मांगों पर रणनीति बनाई जाएगी।

तापमान

अधिकतम 30.4 डिग्री

न्यूनतम 20.8 डिग्री

इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

04 ट्राइबल थीम पर सजा पंडाल, वैशालीनगर ..



05 नौ कन्याओं के पूजन से बेटी के सम्मान और ...



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर





नवरात्रि विशेष




अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

सुपेला अस्पताल की कमान डॉ. पियाम को

भिलाई। शासकीय लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला की कमान डॉ. पियम सिंह को फिर से दी गई है। यह आदेश लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अवर सचिव ने जारी किया है। कुछ दिन पहले ही डॉ. सिंह का तबादला उनके पूर्व आदेशित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा बिलासपुर में किया गया था। बिल्हा से उन्हे फिर वापस सिविल अस्पताल सुपेला लाया गया है। डॉ. सिंह एक लंबे अरसे से सिविल अस्पताल सुपेला में बतौर प्रभारी जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनके नेतृत्व में सुपेला अस्पताल में कई सुविधाएं जुटाई गई और स्वास्थ्य व्यवस्था में बदलाव आया था। सुपेला अस्पताल में कम चिकित्सकों की नियुक्ति के बावजूद मरीजों को बेहतर चिकित्सा मुहैया करवाने की वजह से जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हे लगातार जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। डॉ. पियम सिंह के मूल स्थान पर भेजे जाने के बाद उनकी जगह डॉ. संजय जामगड़े को सिविल अस्पताल सुपेला का प्रभार सौंपा गया था।



11.02 करोड़ से सिंधी कॉलोनी मार्ग, 13.63 करोड़ से डीयू-गुंडरदेही मार्ग, 9.83 करोड़ से धमधा नगर-आदित्य नगर फोरलेन बनेगी

दुर्ग शहर की सड़कों की 45 करोड़ से बदलेगी तस्वीर : राजेंद्र पार्क से शहीद चौक तक फोरलेन, पोटिया ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास से नया बाइपास

अतुल अग्रवाल ⏭ भिलाई

शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए चौड़ी और फोरलेन सड़कों का जाल बिछने वाला है। इसकी कार्ययोजना तैयार कर स्वीकृति भी मिल चुकी है। अगले एक साल में इन सड़कों का निर्माण किया जाना है। करीब 44.89 करोड़ रुपए की लागत से 7 बड़े कामों को मंजूरी प्रदान की गई है।

नगर निकाय में नगरोत्थान योजना के अंतर्गत इसस कामों को स्वीकृति मिली है। इसका काम जल्द शुरू होने वाला है। 5 कामों में निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कार्यआदेश भी जारी किया जा चुका है। इसमें सबसे प्रमुख सड़क राजेंद्र पार्क से शहीद चौक होते हुए धमधा नाका अंडर ब्रिज तक 11.02 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण किया गया है। 7 जुलाई को कार्यआदेश भी जारी किया जा चुका है। बिजली पोल शिफ्टिंग और पेड़ों की कटाई का काम नहीं हो पाने के कारण काम शुरू नहीं हो पाया है। बारिश की वजह से काम रुका हुआ था, जल्द ही काम शुरू करने की तैयारी की गई है। इसी प्रकार 13.63 करोड़ रुपए की लागत से पोटिया में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी बिल्डिंग से ट्रेंचिंग ग्राउंड होते हुए पीएम आवास योजना आवास के पास से सीधे गुंडरदेही तक नई सड़क और मार्ग का काम शुरू होगा। 14 अगस्त को कार्य आदेश जारी किया जा चुका है। ले आउट कार्य एजेंसी को सौंपा जा चुका है। महीनेभर के अंदर काम शुरू होना है। इसी प्रकार 5 अन्य कामों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

दुर्ग निगम के अलावा लोक निर्माण विभाग भी सड़कों का करा रहा निर्माण, आने वाले सालभर के अंदर आकार ले लेंगी सभी सड़कें



शहर में तीन बड़े फोरलेन तैयार कर रहा पीडब्लूडी

शहर में तीन फोरलेन सड़क काम लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसमें 23.96 करोड़ रुपए की लागत से 1.80 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क महाराजा चौक से बोरसी तक बनाई जा रही है। वर्तमान में इस मार्ग पर लगातार बढ़ते यातायात के कारण लोगों को जाम, दुर्घटना और आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता था। फोरलेन सड़क निर्माण के बाद यातायात व्यवस्था अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित हो सकेगी। साथ ही क्षेत्र के व्यापार, आवागमन और विकास गतिविधियों को भी गति मिलेगी। इसका भूमिपूजन भी हो चुका है। इसी प्रकार 40.73 करोड़ की लागत से मिनिमाता चौक से महाराजा चौक होते हुए जेल तिराहा तक फोरलेन सड़क का काम शुरू हो चुका है। इसमें 28.57 करोड़ से 4.75 किमी लंबी सड़क और 12.15 करोड़ से यूटिलिटी शिफ्टिंग का काम शामिल है। इसी प्रकार 3.41 करोड़ रुपए की लागत से 480 मीटर फोरलेन सड़क का निर्माण धमधा नाका अंडर ब्रिज से अग्रसेन भवन तक किया जा रहा है। काम शुरू भी हो चुका है।

ट्रैफिक जाम की समस्या से मिलेगी मुक्ति, मिलेगा नया बाइपास

वर्तमान में जिन सड़कों का चौड़ीकरण और फोरलेन निर्माण की स्वीकृति मिली है। इसके बनने के बाद शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी। इसके अलावा बाइपास सड़क भी मिलेगी। इसमें पोटिया से गुंडरदेही मार्ग के लिए नई सड़क मिलेगी। लोगों को पुलगांव चौक के रास्ते गुंडरदेही सड़क में पहुंचने की जरूरत नहीं होगी। सीधे पोटिया के रास्ते वे बालोद मार्ग पकड़ सकेंगे। इसी प्रकार धमधा नाका से चिखली सड़क के लिए सिकोलाबस्ती की तरफ से एक नई सड़क मिलेगी, जिसका उपयोग सर्विस लेन के रूप में किया जा सकेगा। यह सड़क सीधे धमधा नाका टोल तक जाएगी। शिक्षामंत्री और स्थानीय विधायक गजेंद्र यादव ने पिछले दिनों इस मार्ग का निरीक्षण किया। पूर्व एमआईसी मेंबर शिवेंद्र परिहार के सुझाव के आधार पर इस पर कार्ययोजना भी तैयार की जा रही है। इसके अलावा अंजोरा-नेहरूनगर बाइसपास के दोनों तरफ शहर से सटे हिस्से में सर्विस लेन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा साइंस कॉलेज के पास से केनाल रोड का निर्माण किया जाएगा, ताकि मालवीय नगर चौक से स्टेशन की तरफ के ट्रैफिक के दबाव को कम किया जा सके।

4.13 करोड़ रुपए काम ऐसे जो लंबे समय से अटके हुए

राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत दुर्ग शहर में 4.13 करोड़ रुपए काम ऐसे हैं, जो पिछले लंबे समय से अटके हुए हैं। इसमें 68.59 लाख रुपए की लागत से कसारीडीह तालाब का सौंदर्यीकरण, 15 लाख से विद्युत नगर में पुष्प वाटिका, 80 लाख से पोटिया वार्ड-54 में सांस्कृतिक भवन, 1.99 करोड़ रुपए में वार्ड-1 पावर सब स्टेशन के बाद अंबेडकर भवन का निर्माण, 49.98 लाख रुपए से वार्ड-15 सतनाम पारा में सांस्कृतिक भवन का निर्माण शामिल है। खास बात यह है कि यह सारे काम लंबे समय से अटके हुए हैं। इसे लेकर शासन स्तर पर दुर्ग निगम को नोटिस जारी कर स्पष्टिकरण भी मांगा गया है। बावजूद काम अब तक अधूरा है। अलग-अलग योजनाओं में ये काम अधूरे पड़े हुए हैं। शासन स्तर पर लगातार रिमाइंड भेजा जा रहा है, लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है।

शहर के 60 वार्डों में बनने वाली सड़कों की स्वीकृति और कामों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानिए

राजेंद्र पार्क से धमधा नाका अंडर ब्रिज -11.02 करोड़-सिद्धार्थ कंस्ट्रक्शन 7 जुलाई बिजली पोल और पेड़ कटाई शुरू नहीं
धमधा नाका से आदित्य नगर फोरलेन-9.83 करोड़- छत्तीसगढ़ कंस्ट्रक्शन-9 जून- बिजली पोल शिफ्टिंग नहीं हो पाई
नालंदा परिसर पहुंच मार्ग-78.04 लाख-संजीत कुमार- जल्द शुरू होना है।
पोटिया चौक से गुंडरदेह सड़क तक-13.63 करोड़-एनसी नाहर-जल्द शुरू होना है।
उरला से एसटीपी तक चौड़ीकरण- 2.97 करोड़- क्वालिटी कंस्ट्रक्शन- कार्यआदेश जारी
वार्ड-18 टोल प्लाजा से धमधा रोड-3.63 करोड़-एक्यू इन्फा-निविदा दर स्वीकृति प्रक्रिया जारी
फिल्टर प्लांट और इंटकवेल का रिनोवेशन-3.03 करोड़-अग्रसेन ट्रेडर्स-निविदा दर स्वीकृति प्रक्रिया जारी

फरार पांडेय कबाड़ी के संचालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, लोहा चोरी मामले में की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लंबे समय से फरार चल रहे कबाड़ी तिरंगा चौक छावनी निवासी सुरेश पाण्डेय को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। जामुल पुलिस ने बताया जामुल क्षेत्र के देवनगर एवं शिवपुरी में वर्ष 2025 के दौरान लोहे के एंगल, तार जाली चोरी होने को लेकर पुलिस में शिकायत हुई थी। जांच के बाद पुलिस को कई क्लू मिले, उसी आधार पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पाण्डेय कबाड़ी के शंकर नगर, छावनी स्थित गोदाम में दबिश दिया।

जहां से चोरी का स्क्रैप माल जब्त किया गया। गिरफ्तार हुए गोदाम मैनेजर नरसिंह यादव से पूछताछ करने पर कई अहम जानकारी पुलिस को दी। देवनगर, शिवपुरी, जामुल समेत अन्य क्षेत्रों में लोहे का सामान चोरी कर गोदाम में रखने को लेकर तथ्य सामने आया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सुरेश सिंह उर्फ सुरेश पाण्डेय को पकड़ा। पूछताछ में स्वीकार किया कि उक्त चोरी का लोहा विभिन्न जगहों से चोरी किया है। आरोपी कबाड़ी सुरेश पाण्डेय द्वारा अपने साथ काम करने वाले कर्मियों के साथ मिलकर लोहे के एंगल एवं तार जाली चोरी कर कबाड़ी गोदाम में रखा जाना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा गोदाम में मिली सामग्री की जांच कर चोरी की संपत्ति पर जुर्म दर्ज किया। कबाड़ी के गोदाम से पुलिस ने



■ छावनी के गोदाम में पुलिस ने दिया था दबिश, जामुल पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

लोहे के 20 एंगल, तार जाली के 2 बंडल, रेल पटरी का 1 टुकड़ा, एंगल पट्टी के 10, लोहे का सरिया, गैस कटिंग नोजल, तौल मशीन के 3, ऑक्सीजन गैस के 8 सिलेंडर, एलपीजी के 4 सिलेंडर, लोहे की क्वाइल के 4 बंडल 18 टन से अधिक अन्य लौह कबाड़, चमकीली धातु की 4 बोरियां, एल्युमिनियम की पट्टी, कैलकुलेटर और पिकअप वाहन सीजी 07 बीआर 3212। को बरामद किया गया।

प्रेम प्रसंग के विवाद में युवती के मंगेतर पर मिर्च पाउडर डालकर धारदार हथियार से वार

भिलाई। प्रेम संबंध एवं आधार कार्ड को लेकर उपजे विवाद के दौरान आरोपी द्वारा युवक पर जानलेवा हमला करने की घटना सामने आई है। 15 अक्टूब की रात लगभग 9:30 बजे शिवपुरी क्षेत्र में आरोपी ने युवक की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर धारदार हथियार से वार किया।

हमले में घायल युवक को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया तथा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु दुर्ग रेफर किया गया। थाना जामुल पुलिस ने घायल एवं गवाहों के कथन दर्ज कर घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार जब्त किया। मामले में अमित कुमार बंजारे ने जामुल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना दिनांक को वह अपनी प्रेमिका किरण गुप्ता के साथ आरोपी दीपक गुप्ता के पास पहुंचा था। किरण द्वारा अपने प्रेमी से विवाह के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता के संबंध में आरोपी से आधार कार्ड मांगे जाने को लेकर विवाद की स्थिति बनी थी। इसी दौरान आरोपी दीपक गुप्ता ने नया मकान दिखाने की बात कहकर अमित को शिवपुरी क्षेत्र की ओर ले गया। वहां आरोपी ने युवक की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर हत्या करने की नीयत से अपने पास रखे धारदार हथियार से वार किया। हमले के दौरान अमित एवं किरण ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। आरोपी दीपक गुप्ता उम्र 48 वर्ष, निवासी कैंप-1, जलेबी चौक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पारिवारिक विवाद के कारण पिता की हत्या में बेटे को आजीवन कारावास

न्यायाधीश दुलार सिंह निर्मलकर के न्यायालय से आया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पाटन न्यायालय ने पिता की हत्या के मामले में बेटे को आजीवन कारावास से दंडित किया। गाड़ाडीह में दिवाली के दौरान परिवार में हुए विवाद के बाद चुन्नी लाल यदु के सिर में गंभीर चोट आई थी। इलाज के दौरान 29 अक्टूबर 2025 को उनकी मौत हो गई थी। अपर सत्र न्यायाधीश दुलार सिंह निर्मलकर ने फैसला सुनाया। आरोपी डोमन लाल यदु (42) को धारा 103 के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने उस पर 1,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना नहीं चुकाने पर उसे पांच महीने का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

प्रकरण के अनुसार घटना 21 अक्टूबर 2025 को ग्राम गाड़ाडीह में हुई थी। आरोपी डोमन लाल यदु, मृतक चुन्नी लाल यदु का बेटा है। परिवार के सदस्य एक ही मकान में अलग-अलग कमरों में रहते थे और



आंगन साझा था। अभियोजन की कहानी के मुताबिक आरोपी और उसके भाई भूपेश यदु के बीच विवाद हुआ था। चुन्नी लाल बीच-बचाव करने पहुंचे थे।

इसी दौरान उनके सिर पर टंगिया से वार किए जाने का आरोप लगा। आरोपी की भाभी और मृतक की बहू शैलेन्द्री यदु ने भी बीच-बचाव किया था, जिससे उनके हाथ में चोट आई थी। घटना के बाद चुन्नी लाल को इलाज के लिए भिलाई के अस्पताल में भर्ती कराया गया। 29 अक्टूबर 2025 को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने अपराध दर्ज कर प्रकरण विचारण के लिए न्यायालय में पेश किया। सुनवाई के दौरान शैलेन्द्री यदु, सरस्वती यदु, धरमजीत यदु और भूपेश यदु ने कोर्ट में कहा कि चोट लोहे की चादर गिरने से लगी थी। उन्होंने टंगिया से हमला किए जाने की बात का समर्थन नहीं किया। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में बताया कि घटना के बाद जब्त की गई टंगिया और आरोपी के कपड़ों पर इंसानी खून मिला था।

मृतक और घायल के कपड़ों से जुड़े सबूत और जांच रिपोर्ट भी कोर्ट में पेश की गई। कोर्ट ने सभी सबूतों को देखने के बाद माना कि आरोपी घटना के समय मौके पर मौजूद था और परिवार में विवाद भी हुआ था। अदालत के मुताबिक लोहे की चादर गिरने से चोट लगने की बात के समर्थन में बचाव पक्ष कोई स्वतंत्र सबूत पेश नहीं कर सका। दूसरे सबूतों और जांच रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने हत्या का आरोप साबित माना।

घर में बलात प्रवेश कर दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की कैद

भिलाई। घर में बलात प्रवेश कर दुष्कर्म करने वाले को कोर्ट ने 20 साल के कारावास से दंडित किया। न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला आया। मामले में आरोपी बृजगोपाल यादव को न्यायालय ने धारा 332 बी में 7 वर्ष कैद और 100 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 7 दिन का सजा भुगतनी होगी। वहीं धारा 64 में 20 वर्ष कैद और 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 15 दिन अतिरिक्त कारावास में रहना होगा। इसी प्रकार धारा 115 (2) में 1 वर्ष की सजा सुनाई गई। मामले में शासन की तरफ से पैरवी सरकारी वकील संजय सिंह ने की। प्रकरण के मुताबिक घटना 2 फरवरी 2025 की रात करीब 12 बजे से साढ़े 12 बजे के बीच की है। पीड़िता चुनाव प्रचार-प्रसार के बाद घर पहुंचकर सो रही थी। तभी आरोपी बृजगोपाल घर पर आकर दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलने पर आरोपी ने पहले मारपीट की। इसके बाद पीड़िता के साथ गलत काम किया। पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर हाथ-मुक्कों से मारपीट की। धमधा पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया। प्रकरण विचारण के लिए कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। इसके बाद न्यायालय ने उसे सजा सुनाई।

सांसद विजय बघेल के प्रयासों से शुरू हो रही ट्रेन

दुर्ग से बस्तर तक ट्रेन कनेक्टिविटी, मेमू हफ्ते में 6 दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सांसद विजय बघेल के प्रयासों से बड़ी सौगात मिली है, जिसमें रायपुर से दुर्ग होकर रावघाट तक नई मेमू ट्रेन के परिचालन प्रमुख है। रेलवे ने जारी की नई मेमू पैसेंजर ट्रेन (68768/68769) की समय-सारणी, सप्ताह में 6 दिन चलेगी ट्रेन, बस्तर अंचल के दूरस्थ क्षेत्रों की राजधानी रायपुर और भिलाई-दुर्ग से सीधे जुड़ेगी कनेक्टिविटी, व्यापार और रोजगार को मिलेगा नया आयाम मिलेगा। सांसद विजय बघेल के भगीरथ प्रयासों के फलस्वरूप क्षेत्र की जनता को

व्यापार और रोजगार को मिलेगा नया आयाम



एक ऐतिहासिक सौगात मिली है। सांसद बघेल द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री को बस्तर और दुर्ग संभाग की रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर भेजे गए पत्र को तुरंत संज्ञान लेते हुए, रेल मंत्रालय ने रायपुर से रावघाट (वाया दुर्ग) नई मेमू रेल गाड़ी संख्या 68768/68769 के परिचालन की स्वीकृति प्रदान कर दी है। रेलवे प्रशासन इसकी आधिकारिक समय-सारणी भी जारी कर दी है।

राजहरा से रावघाट तक रेलवे लाइन बिछाने का काम पूरा

सांसद बघेल और उनके कार्यालय के उस निरंतर प्रयास दृढ़ संकल्प का परिणाम है। दल्लीराजहरा-रावघाट रेल लाइन परियोजना के पूरा होने के बाद, इस नई मेमू ट्रेन की शुरुआत से पूरे दक्षिण छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदलेगी। सीधी रेल सेवा के शुरू होने से बस्तर के अंतिम छोर पर बसे ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के नागरिकों को शिक्षा के गढ़ भिलाई, व्यापारिक केंद्र दुर्ग और प्रदेश की राजधानी रायपुर तक आने-जाने में बेहद आसानी होगी।

यात्रियों के लिए लाइफ लाइन साबित होगी

यह ट्रेन न केवल आम यात्रियों के लिए लाइफलाइन साबित होगी, बल्कि स्थानीय व्यापार, रोजगार, कृषि उत्पादों के परिवहन और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं तक आम जनता की पहुंच को बेहद सुलभ बनाएगी। इस ऐतिहासिक उपलब्धी पर हर्ष व्यक्त करते हुए सांसद विजय बघेल ने देश के पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री जी का छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, यह ट्रेन सिर्फ पटरियों पर दौड़ने वाली ट्रेन नहीं है, बल्कि यह बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाली जीवन रेखा है।

हरिभूमि
रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

ट्विनसिटी में दुर्गोत्सव के रंग




यूथ व्यापारी संघ दुर्गोत्सव समिति ए मार्केट, सेक्टर 4 भिलाई।



श्री श्री सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति दक्षिण वसुंधरा नगर भिलाई 03 में विराजित माता महिषासुर मर्दिनी



सार्वजनित श्री दुर्गोत्सव समिति खुर्सीपार भिलाई





सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति तारघर मैदान सेक्टर-01



जन कल्याण दुर्गोत्सव समिति गणेश चौक से 2



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति वार्ड-03 जामुल

● कालीबाड़ियों में मां दुर्गा के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, लोकसंगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगा दुर्गा मंच

ट्राइबल थीम पर सजा पंडाल, वैशालीनगर में दुर्गा पूजा का स्वर्ण जयंती वर्ष, रबिन्द्र निकेतन में 40 वर्षों से निभाई जा रही परंपरा

भिलाई। ट्विनसिटी की कालीबाड़ियों में मां दुर्गा के आगमन के साथ शारदीय दुर्गोत्सव की रौनक छा गई है। कहीं मां दुर्गा के मुख से आवरण हटते ही आतिशबाजी के बीच श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए, तो कहीं धुनुची नृत्य और ढोल की थाप पर भक्त झूम उठे। बंगाल की पारंपरिक पूजा पद्धति, पुष्पांजलि, भोग-प्रसाद और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच कालीबाड़ियों में आस्था के साथ लोकसंस्कृति के रंग भी बिखर रहे हैं। हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में इस वर्ष ट्राइबल थीम पर पूजा पंडाल सजाया गया है, वहीं वैशालीनगर कालीबाड़ी अपने दुर्गोत्सव के 50वें वर्ष का उत्सव मना रही है। रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी, हुडको में 40वें दुर्गोत्सव के अवसर पर श्रद्धालु पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मां की आराधना कर रहे हैं। इन आयोजनों के बीच आज हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में कोलकाता के कलाकारों की बाउल और फोक संगीत प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस तरह ट्विनसिटी की कालीबाड़ियों में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक भी देखने को मिल रही है।



रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी में पुष्पांजलि के लिए उमड़े श्रद्धालु



हुडको स्थित रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी में दुर्गोत्सव का 40वां वर्ष पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। सप्तमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। यहां पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला जारी है। कार्यक्रम के अनुसार, 19 अक्टूबर को महाष्टमी पर विशेष पूजा, पुष्पांजलि, भोग, संधि पूजा और संध्या आरती होगी। 20 अक्टूबर को महानवमी पर पूजा-अर्चना, हवन, भोग और प्रसाद वितरण किया जाएगा। 21 अक्टूबर को दशमी पूजा, पुष्पांजलि और अपराजिता पूजा के बाद सिंदूर दान की परंपरा निभाई जाएगी। इसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। चार दशकों से चली आ रही परंपरा में श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।

हाउसिंग बोर्ड में धुनुची नृत्य और ढोल की थाप पर झूमे श्रद्धालु

हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में षष्ठी के दिन मां दुर्गा के मुख से आवरण हटाने के साथ उत्सव ने गति पकड़ी। आवरण हटते ही आतिशबाजी की गई और श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान ढोल की थाप पर पुरुषों के साथ महिलाएं भी ढोल बजाती नजर आईं। पूजा पंडाल में पारंपरिक धुनुची नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने धुनुची लेकर नृत्य किया और उत्सव के उल्लास को बढ़ाया। इस अवसर पर समिति की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस वर्ष पंडाल को ट्राइबल थीम पर तैयार किया गया है। मंदिर समिति के मार्गदर्शक काजल चक्रवर्ती और विद्युत चौधरी ने बताया कि यहां दुर्गा पूजा का 55वां वर्ष है। आयोजन की जिम्मेदारी समिति के अध्यक्ष डॉ. दीप चटर्जी, महासचिव देबब्रत दास और कोषाध्यक्ष दीपक सिकदार सहित अन्य पदाधिकारियों ने संभाली है।





आज गूंजेगा बाउल और फोक संगीत, लोक संस्कृति से होंगे रूबरू

हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में महाष्टमी के अवसर पर आज सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें कोलकाता से आने वाली लोक गायिका परमा राधिका बनर्जी और बाउल गायक शंकर बाउल प्रस्तुति देंगे। बाउल संगीत बंगाल की लोक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसकी मधुर धुनों और भावपूर्ण गायन के माध्यम से दर्शकों को बंगाल की लोकसंस्कृति से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। मां दुर्गा की आराधना के बीच आयोजित यह कार्यक्रम दुर्गोत्सव की सांस्कृतिक छटा को और खास बनाएगा।

वैशालीनगर कालीबाड़ी में 50वां दुर्गा पूजा

वैशालीनगर कालीबाड़ी में इस वर्ष दुर्गोत्सव का स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। आयोजन के दौरान संस्थापक सदस्यों को सम्मानित किया गया। महिलाओं ने नाटकों का मंचन कर अपनी प्रतिभा दिखाई। समिति की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। पूजा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और प्रतिदिन दोपहर में श्रद्धालुओं के लिए भोग-प्रसाद की व्यवस्था की गई है।

डॉ कलाम की जीवनगाथा से हुए प्रेरित, पेन-चॉकलेट बांटकर दिलाई नैतिक शिक्षा की शपथ



दुर्ग। भारत रत्न एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर विश्व विद्यार्थी दिवस मनाया गया। इस मौके पर जनसहयोग से हंसराज नवयुवक मंडल, आईएचएसडीपी कॉलोनी उरला, दुर्ग के सदस्यों ने सिकोलाभाठा स्थित शासकीय उच्चतर विद्यालय के विद्यार्थियों को पेन और चॉकलेट वितरित किए। साथ ही उन्हें नैतिक शिक्षा से संबंधित शपथ दिलाकर डॉ. कलाम के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों से परिचित कराया गया। विद्यार्थियों को शिक्षित, संस्कारी और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन, ईमानदारी और शिक्षा के महत्व को समझाया गया। उन्हें बताया गया कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यालय की प्राचार्य एलिजाबेथ राय सहित शिक्षिका अहिल्या देवहरे, अर्चना दुबे, उत्तरा खेलवार, गरिमा और रीता उपस्थित रहीं। हंसराज नवयुवक मंडल की ओर से सुशीला गजभिए, रसना मुखर्जी, इंद्राणी साहू, संगीता साहू, नाजमीन खान, चंद्रशेखर पारख, आत्माराम साहू, अमजद खान, सोनू यादव और पूनमलाल सूर्यवंशी ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के संयोजक जयवर्धन गजभिए रहे। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को डॉ. कलाम के आदर्शों को जीवन में अपनाने और शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

कलाकारों ने नृत्य और वेशभूषा से मोहा मन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिखाया हुनर



भिलाई। दक्षिण वसुंधरा नगर स्थित श्री श्री नवदुर्गा उत्सव समिति की ओर से बच्चों की सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें नन्हे बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दी, वहीं किशोर-किशोरियों और युवाओं ने एकल व समूह नृत्य के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी सांस्कृतिक अभिरुचि और हुनर का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में डेढ़ वर्षीय नैवद्य वर्मा को गरबा बॉय की प्रस्तुति के लिए प्रथम स्थान मिला। निशिका ने द्वितीय और चंचल शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लिपिका धुरंधर, निष्का चौधरी और आराध्या वर्मा को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। एकल नृत्य में राया शर्मा प्रथम, रिमझिम शर्मा द्वितीय और समृद्धि चंद्राकर तृतीय स्थान पर रहीं। लिची को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में देवी ग्रुप की भूमि वर्मा, आस्था, शायली, आरना, वैभवी और समीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोर छंईहा भुइंया ग्रुप की निशा, दीक्षा, कनिष्क और रानी को द्वितीय स्थान मिला।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने की भव्य आयोजन की सराहना

गरबा की थाप पर झूमे लोग, रंग-बिरंगे परिधानों लाइव बैंड और डांडिया ने बांधा समां

कार्नर न्यूज

दुर्ग। दुर्ग नवनिर्माण समिति द्वारा हॉकी ग्राउंड, सिविल लाइन, दुर्ग में आयोजित दो दिवसीय भव्य रास गरबा महोत्सव उत्साह, उमंग, भक्ति और सांस्कृतिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। दोनों दिनों में लगभग 6 से 7 हजार लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे महिला, पुरुषों, युवाओं एवं बच्चों ने मां दुर्गा की आराधना करते हुए गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। आकर्षक सजावट, संगीतमय प्रस्तुतियों और हजारों लोगों की सहभागिता ने आयोजन को यादगार बना दिया। जबलपुर से आए लाइव बैंड की शानदार प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि गरबा प्रेमी देर रात तक थिरकते रहे।

पहले दिन जुटीं शहर की जानी-मानी हस्तियां

महोत्सव के पहले दिन छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, दुर्ग नगर निगम की महापौर अलका बाघमार, समाजसेविका डॉ मानसी गुलाटी, चतुर्भुज राठी, आईएनएच एवं हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, पूजा द्विवेदी, शिक्षाविद एवं रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरमैन संजय रूंगटा, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू तथा समिति के संरक्षक और जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल उपस्थित रहे। गजेंद्र यादव ने कहा कि गरबा जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक आस्था को जीवंत रखते हैं। ये नई पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ने के साथ समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाते हैं। उन्होंने समिति के अध्यक्ष गौरव उमरे और सदस्यों को बधाई दी।



भूपेश बघेल ने सराहा सामाजिक एकता का संदेश

दूसरे दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष उपस्थिति ने आयोजन की रौनक बढ़ाई। उनके साथ पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व सांसद राजेंद्र साहू, प्रतिमा चंद्राकर, दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर और पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। भूपेश बघेल ने कहा कि गुजरात की गरबा संस्कृति अब छत्तीसगढ़ में भी लोकप्रिय हो चुकी है। इसकी खूबसूरती यही है कि हर वर्ग के लोग मां दुर्गा की आराधना में एक साथ शामिल होते हैं। ऐसे आयोजन प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने धीरज बाकलीवाल, गौरव उमरे और समिति के सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।



सिटी इवेंट

कला आधारित शिक्षा से लोक परंपराओं से जुड़ रहे विद्यार्थी, गाया जस गीत



भिलाई। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि अपनी संस्कृति, परंपराओं और लोककलाओं को जानना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी सोच के साथ खुर्सीपार स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-11 के प्राथमिक विभाग में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी जस लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। शिक्षक कामता साहू के मार्गदर्शन में बच्चों ने पारंपरिक गीत-संगीत के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत की। कक्षा में बच्चों ने एक साथ बैठकर ढोलक की थाप पर जस गीत गाया। इस दौरान कुछ विद्यार्थी तालियां बजाकर और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ गीत की लय में शामिल हुए। बच्चों के उत्साह और सामूहिक सहभागिता ने कक्षा के वातावरण को जीवंत बना दिया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की लोकपरंपराओं को करीब से जानने और उन्हें समझने का अवसर मिला। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत कला समेकित शिक्षा की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक प्रयास है। इसमें गीत-संगीत और स्थानीय लोककलाओं के माध्यम से बच्चों को सीखने का अवसर दिया जाता है, जिससे पढ़ाई रोचक बनने के साथ उनकी रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ भी विकसित होती है।विद्यालय की प्रधान पाठक ग्लोरिया बड़ा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने शिक्षक कामता साहू के नवाचार की सराहना की।

स्पोर्ट्स लाइव

स्नेहा ने ताइक्वांडो में जीता गोल्ड मेडल 46 किग्रा वर्ग में किया शानदार प्रदर्शन

भिलाई। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई की बीबीए की छात्रा स्नेहा शर्मा ने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 22वीं सीनियर महिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। स्नेहा ने प्रतियोगिता के 46 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।



विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा सोनी ने बताया कि रायगढ़ स्थित रेलवे सामुदायिक भवन में आयोजित इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा किया गया था। जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में स्नेहा ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान अखिल भारतीय ताइक्वांडो एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी अनिल द्विवेदी तथा छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव संदीप पॉल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। स्नेहा शर्मा की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आईपी मिश्रा एवं कुलपति डॉ. स्मिता सेलट ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

समाज इवेंट

नवरात्रि में सेवा की पहल, 21 नवजात बच्चियों की माताओं को बांटी चाइल्ड किट



भिलाई। शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना के साथ सेवा और समर्पण का भाव भी देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए करणी सेना के दुर्ग जिला अध्यक्ष नीलू सिंह ने जिला चिकित्सालय के मातृत्व एवं शिशु विभाग में 21 नवजात बच्चियों की माताओं को चाइल्ड किट वितरित की। यह वितरण पंचमी तिथि को जन्मी बच्चियों की माताओं को जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. एके मिंज की उपस्थिति में किया गया। इस पहल का उद्देश्य नवजात बच्चियों के स्वागत के साथ उनकी माताओं को सहयोग प्रदान करना और बेटी के जन्म को सम्मान व खुशियों से जोड़ना रहा। इस अवसर पर नीलू सिंह ने नवरात्र के पावन पर्व पर सेवा कार्य के माध्यम से मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्पण व्यक्त किया। नवजात बच्चियों की माताओं को चाइल्ड किट मिलने से उन्हें शुरुआती जरूरतों में सहयोग मिला। कार्यक्रम में संजय सिंह और आरुषि का सक्रिय योगदान रहा। जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य विजय ताम्रकार तथा ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर का विशेष सहयोग रहा। अस्पताल की ओर से इंचार्ज माधुरी साहू, सरस्वती केवट, दीपिका यादव, लक्ष्मी अंचल, प्रदीप कुमार, स्मिता तिवारी, शीतल, ड्रेसर और वार्ड के सुरक्षा गार्ड सहित अन्य कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में सहयोग किया। करणी सेना के दुर्ग जिला अध्यक्ष नीलू सिंह की ओर से समय-समय पर सेवा, रचनात्मकता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य किए जाते हैं। नवरात्र के दौरान नवजात बच्चियों की माताओं को चाइल्ड किट वितरित करने की यह पहल बेटी के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच और सामाजिक सहयोग का संदेश देती है।

मां हिंगलाज और मां कात्यायनी की आराधना के बीच श्रद्धालुओं ने लिया समाजहित का संकल्प

नौ कन्याओं के पूजन से बेटी के सम्मान और अन्न बचाने के संकल्प तक, शुकराना महोत्सव ने दिया सेवा का संदेश

भिलाई। कहीं मां दुर्गा के जयकारे गूंजे, कहीं नौ कन्याओं के चरण पूजकर उन्हें चुनरी ओढ़ाई गई, तो कहीं अन्न की एक-एक बूंद और दाने का महत्व समझाते हुए उसे बर्बाद नहीं करने का संकल्प लिया गया। भक्ति, बेटी के सम्मान और अन्न के सम्मान का ऐसा ही संदेश शुक्रवार को हाउसिंग बोर्ड के 32 एकड़ स्थित साईं झूलेलाल धाम में देखने को मिला। शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि पर मां कात्यायनी और कुलदेवी मां हिंगलाज की आराधना के साथ विश्व खाद्य दिवस के संदेश को जोड़ते हुए आदर्श सिंध ब्रादर मंडल और साईं झूलेलाल धाम महिला मंडल का सोलहवां शुकराना महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। शाम 4.30 से 6.30 बजे तक चले आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। पूजा-अर्चना से लेकर कन्या भोज और सामूहिक संकल्प तक, हर गतिविधि ने धर्म के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी।



पूजन और अरदास से हुई शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत साईं झूलेलाल जी के पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद सामूहिक प्रार्थना, शुकराना प्रार्थना और पल्लव-अरदास के माध्यम से सर्व समाज की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की गई। नवरात्र की षष्ठी पर मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी और कुलदेवी मां हिंगलाज की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महिला मंडल की ओर से प्रस्तुत भजन-कीर्तन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने माता के समक्ष परिवार और समाज की खुशहाली की प्रार्थना की।



नौ कन्याओं के पूजन से मिला बेटी के सम्मान का संदेश

महोत्सव का भावपूर्ण प्रसंग नवकन्या पूजन रहा। नौ कन्याओं को मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक मानकर उनके चरण पूजे गए, तिलक लगाया गया और चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कन्याओं को प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया और उपहार भेंट किए गए। इस परंपरा के माध्यम से बेटियों को शक्ति का स्वरूप मानने और उनके सम्मान को जीवन में उतारने का संदेश दिया गया। बेटियां हैं शक्ति का स्वरूप, बेटियां हैं परिवार का गौरव का भाव पूरे आयोजन में प्रमुखता से दिखाई दिया।

अन्न की बर्बादी रोकने का लिया संकल्प

विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर अन्न के महत्व पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। समाज के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कृष्णानी और महिला मंडल की अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव ने कहा कि अन्न केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। इसे पैदा करने में किसानों और अन्न उत्पादकों का अथक परिश्रम जुड़ा होता है। इसलिए भोजन का सम्मान करना और जरूरतमंदों तक अन्न पहुंचाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। श्रद्धालुओं ने थाली में उतना ही भोजन लेने, अन्न की बर्बादी रोकने और जरूरतमंदों की मदद करने का संकल्प लिया।

सात सूत्रीय संकल्प के साथ हुआ समापन

कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी के आदर्शों पर चलने, बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देने, महिलाओं के प्रति आदर रखने, अन्न बचाने, जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने तथा समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता बढ़ाने जैसे संकल्प लिए। सामूहिक आरती, मंगल प्रार्थना, भोग-प्रसाद और स्वल्पाहार वितरण के साथ महोत्सव संपन्न हुआ। फूलों और आकर्षक विद्युत सज्जा से सजा धाम आयोजन के दौरान श्रद्धा और उत्सव के रंगों से दमकता रहा। जोन-5 की ओर से प्रत्येक सप्ताह एक श्रद्धालु को दिया जाने वाला विशेष पुरस्कार भी आकर्षण का केंद्र रहा। आयोजकों ने कहा कि शुकराना महोत्सव की परंपरा केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सेवा, कृतज्ञता, सामाजिक सद्भाव और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देती है। आदर्श सिंध ब्रादर मंडल, हाउसिंग बोर्ड और साईं झूलेलाल धाम महिला मंडल ने सभी पदाधिकारियों, सेवादारों और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

अग्रवाल समाज का सेवा पंडाल

डोंगरगढ़ जाने वाले पद यात्रियों के लिए सेवा पंडाल हर दिन चाय-नाश्ते के साथ कराया जा रहा भोजन

दुर्ग। अग्रवाल समाज द्वारा डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रि भक्तों के लिए राजनांदगांव रोड में पृथ्वी पैलेस के पास सेवा पंडाल लगाया गया है, जहां से हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन माता के दर्शन के लिए जा रहे हैं। समाज के अध्यक्ष ललित सेक्सरिया एवं महासचिव प्रहलाद रूंगटा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और सेवा ही सच्चा धर्म है। अग्रवाल समाज इसी सिद्धांत पर अग्रसेन जी के बताएं मार्ग पर चलता है।



अग्रवाल समाज के दीपक बंसल एवं मयंक अग्रवाल ने बताया कि यात्रियों के लिए शुद्ध जल शरबत फल बिस्किट प्रसादी के तहत हलवा पुरी चावल सब्जी चाय का प्रसाद लगातार वितरित किया जा रहा है। पंडाल में औषधि व्यवस्था भी की गई है, जिसके तहत पैदल चलने से थके हुए यात्रियों के लिए दर्द निवारक स्प्रे, छालों की दवाइयां बैंडेज इत्यादि की व्यवस्था भी की गई है। थके हुए पद यात्रियों के लिए बैठने एवं विश्राम के लिए गद्दे एवं कलर की भी समुचित व्यवस्था की गई है। समाज के युवा एवं महिला सदस्य दिन रात पाली में सेवा दे रहे हैं पदयात्रियों ने भी अग्रवाल समाज के सेवा कार्य की मुक्त कंठ सराहना की। कैलाश रुंगटा ने बताया कि पांच दिवसीय सेवा पंडाल का आज कन्या भोज के साथ समापन किया गया। सेवा पंडाल को चुनरी एवं ध्वज से सजाया गया। सेवा पंडाल में स्थल प्रदान करने हेतु पृथ्वी पैलेस का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, कैलाश रुंगटा, मधुप अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुधीर खंडेलवाल, गिरिराज खंडेलवाल, गिरीश रानी सती, मयंक चिराग अग्रवाल, मनीष, आशीष रुंगटा, अनूप अग्रवाल उपस्थित थे। शारदीय नवरात्रि की शुभ तिथि पंचमी के पावन पर्व पर अग्रवाल समाज दुर्ग एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के द्वारा दुर्गा की सबसे प्राचीन चंडी मंदिर में भी लगभग डेढ़ सौ कन्याओं को कन्या भोज कराया गया साथ ही उपहार भेंट किए गए। यह कार्यक्रम श्री रेख चंद जी वीणा देवी अग्रवाल परिवार के सौजन्य से किया गया। इसके पूर्व मंदिर में माता की दिव्या आरती की गई एवं प्रसाद लगाया गया। कार्यक्रम में कमल नारायण रुंगटा, महेंद्र सेक्सरिया, राधेश्याम किरतुका, सतीश अग्रवाल उपस्थित थे।



महिला प्रकोष्ठ का आयोजन

विशेष बच्चों ने दिखाया अपना हुनर फल और स्नैक्स का किया वितरण



दुर्ग। सरयूपारीय ब्राह्मण समाज के महिला प्रकोष्ठ ने वृद्धाश्रम और मूक बधिर बच्चों के आश्रम पहुंचकर उन्हें नाश्ता और फल का वितरण किया। समाज की अध्यक्ष अपर्णा चौबे ने कहा कि नाश्ता पानी फल खिलाया गया, जो बच्चे और बुजुर्ग अपनों से दूर रहते हैं, उन्हें देखकर दुख भी होता है। बच्चों ने हमें अपना हुनर दिखाया। बहुत अच्छा लगा। समाज यह प्रार्थना करते हैं कि सभी स्वस्थ रहें, मस्त रहे। उन्हें किसी भी चीज की कमी न हो, इस दिशा में समाज द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है।



23 से 25 अक्टूबर तक होगा ए न्यू जनरेशन समिट, वैश्विक मुद्दों पर रखेंगे विचार

भिलाई में जुटेंगे 20 हजार विद्यार्थी, 24 से शंकराचार्य विश्वविद्यालय में सजेगा समविद 2026 का मंच

कार्नर न्यूज

भिलाई। तकनीक, संस्कृति, नवाचार और युवा नेतृत्व का संगम बनने जा रहा श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस, जुनवानी का वार्षिक टेक्नो-कल्चरल व प्रबंधन महोत्सव समविद 2026 इस वर्ष 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित होगा। आयोजन की थीम कनेक्टिंग माइंड्स, क्रिएटिंग फ्यूचर यानी विचारों को जोड़कर भविष्य का निर्माण रखी गई है। आयोजकों को इस बार करीब 20 हजार विद्यार्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। महोत्सव के साथ 23 से 25 अक्टूबर तक ए न्यू जनरेशन समिट का भी आयोजन होगा, जिसमें विद्यार्थियों को नेतृत्व, लोकतांत्रिक संवाद और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा।



संगीत संध्या में डीजे आमिन और वासु केंट का आकर्षण

समविद 2026 की संगीत संध्या आयोजन के प्रमुख आकर्षणों में शामिल होगी। 24 अक्टूबर को प्रसिद्ध डीजे आमिन अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं, 25 अक्टूबर को लोकप्रिय संगीत आधारित रियलिटी कार्यक्रम 'हसल' से पहचान बनाने वाले वासु केंट और आउट स्टेशन बैंड की प्रस्तुति होगी। समविद 2026 में सांस्कृतिक, तकनीकी, खेलकूद, ई-स्पोर्ट्स, प्रबंधन और रचनात्मक गतिविधियों की विस्तृत श्रृंखला आयोजित की जाएगी। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में एकल एवं समूह नृत्य, गायन, नुक्कड़ नाटक, एकल अभिनय, लघु फिल्म निर्माण, रैप मुकाबला और फैशन शो शामिल होंगे। तकनीकी प्रतियोगिताओं में हैकाथॉन, तकनीकी पहेली कक्ष, ब्लाइंड कोडिंग और रन द लॉजिक जैसी गतिविधियां होंगी। बैडमिंटन, शतरंज, कबड्डी, कैरम और बाजुओं की ताकत से जुड़े मुकाबले भी आयोजित किए जाएंगे।

वैश्विक चुनौतियों, लोकतांत्रिक व्यवस्था व संसदीय प्रक्रियाओं को समझने का मिलेगा अवसर

प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम संयोजक प्रो. समता गजभिए, सह संयोजक डॉ. श्रुति तिवारी व डॉ. मोनिका श्रीवास्तव ने विस्तृत जानकारी दी। आयोजकों के अनुसार, पिछले वर्ष समविद में लगभग 15 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस वर्ष श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस के विद्यार्थियों के साथ अन्य महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के शामिल होने की संभावना है। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अपनी रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास का अवसर देना है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और दूसरे संस्थानों के विद्यार्थियों के साथ अनुभव साझा करने का मंच मिलेगा। समविद के साथ आयोजित होने वाला 'ए न्यू जनरेशन समिट' इस बार विशेष आकर्षण रहेगा। 23, 24 और 25 अक्टूबर को होने वाले इस आयोजन में मॉडल यूनाइटेड नेशंस और यूथ पार्लियामेंट जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। लोकसभा, छत्तीसगढ़ विधानसभा, विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय प्रेस, अखिल भारतीय प्रभावशाली व्यक्तियों की बैठक, संयुक्त राष्ट्र महासभा और भारतीय विधि आयोग जैसे विषयों पर चर्चा एवं वाद-विवाद होंगे। इन गतिविधियों के जरिए विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय संबंधों, वैश्विक चुनौतियों, लोकतांत्रिक व्यवस्था और संसदीय प्रक्रियाओं को समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही उनमें तार्किक चिंतन, प्रभावी संवाद, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।

आस्था का पावन धामः तरीघाट में विराजमान स्वयंभू मां महामाया करती हैं हर मुराद पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

खारुन तट पर गूंजते हैं माता के जयकारे, त्रिमूर्ति दर्शन और नागदेवता की रक्षा प्रणाली बनी श्रद्धालुओं के विश्वास का आधार

खारुन नदी के तट पर बसे तरीघाट गांव का मां महामाया मंदिर धार्मिक परंपराओं, लोकविश्वास और पीढ़ियों से चली आ रही आस्था का प्रतीक है। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और ज्योति कलश स्थापना की परंपरा निभाई जाती है। इन दिनों मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण रहता है और माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठता है। श्रद्धालु माता के समक्ष शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य, शांति और खुशहाली की कामना करते हैं।

एक ही स्थान पर तीन देवियों की त्रिमूर्ति, मंदिर की विशिष्ट पहचान

मां महामाया मंदिर की प्रमुख विशेषताओं में यहां मां महामाया, महालक्ष्मी और महासरस्वती की त्रिमूर्ति का विराजमान होना बताया जाता है। स्थानीय श्रद्धालु इस त्रिमूर्ति को स्वयंभू मानते हैं और इसे मंदिर की विशिष्ट धार्मिक पहचान से जोड़कर देखते हैं। माता के तीन स्वरूपों के प्रति भक्तों की गहरी श्रद्धा है। ग्रामीणों के अनुसार, मंदिर का महत्व केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। गांव में किसी शुभ कार्य की शुरुआत हो, परिवार में कोई विशेष आयोजन हो या जीवन में कोई कठिन परिस्थिति आए, माता का स्मरण करना यहां की परंपरा का हिस्सा है।



नागदेवता को मंदिर का रक्षक मानते हैं ग्रामीण

मंदिर से जुड़ी स्थानीय मान्यताओं और जनश्रुतियों में नागदेवता का भी विशेष स्थान है। मंदिर के गुंबद पर नागदेवता की आकृति उकेरी गई है, जिसे ग्रामीण धार्मिक आस्था और संरक्षण के प्रतीक के रूप में देखते हैं। स्थानीय जनविश्वास के अनुसार, नागदेवता मंदिर की रक्षा करते हैं। मंदिर से जुड़े विशेष अवसरों पर नागदेवता के दर्शन होने की कथाएं भी ग्रामीणों के बीच प्रचलित हैं। पीढ़ियों से सुनाई जाती रही ये जनश्रुतियां मंदिर की धार्मिक परंपराओं को और विशिष्ट बनाती हैं।

धार्मिक आस्था के साथ ऐतिहासिक पहचान भी

तरीघाट गांव अपनी प्राचीन और पुरातात्विक पहचान के लिए भी जाना जाता है। खारुन नदी के किनारे स्थित इस गांव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और धार्मिक परंपराएं इसे क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों में शामिल करती हैं। मां महामाया मंदिर इस विरासत का अहम हिस्सा है। मंदिर की स्थापत्य शैली, धार्मिक मान्यताएं और स्थानीय परंपराएं ग्रामीण जीवन में इसकी महत्ता को दर्शाती हैं। मंदिर के निर्माण में काले पत्थरों के इस्तेमाल और पारंपरिक निर्माण सामग्री को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाएं होती रही हैं।

लोहे की जंजीर में बंधे शेर की रहस्यमयी कहानी : आज भी शेर को लोहे की जंजीर में बांधा गया है। बताया जाता है कि शेर रात होते ही दहाड़ मारते थे, जिससे गांव वाले रात के समय घर से नहीं निकलते थे। तब से शेर के एक पैर को जंजीर में बांधा गया है। आस्था, विश्वास और परंपरा का संगम बना मां महामाया मंदिर आज भी तरीघाट की पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। माता के प्रति ग्रामीणों की अटूट श्रद्धा, स्वयंभू त्रिमूर्ति से जुड़ी मान्यता और नागदेवता को रक्षक मानने की जनश्रुति इस मंदिर को विशिष्ट बनाती है। नवरात्रि में यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की आस्था इस बात का प्रमाण है कि बदलते समय के बावजूद गांव की धार्मिक परंपराएं आज भी लोगों के जीवन में गहरी जगह बनाए हुए हैं।

अंचल में विराजमान माता का स्वरूप



अंडा। नव युवक माँ अम्बे समिति ग्राम चिंगरी भाठापारा।



नवदुर्गा युवा समिति सुभाष चौक नंदकठी।



मां दुर्गा उत्सव समिति गोंड़ पारा नंदकठी।

तिरगा में कल सजेगी 'लोक रागिनी' की संगीतमय शाम

अंडा। ग्राम तिरगा में नवदुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में कुंवार नवरात्रि पर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में 19 अक्टूबर (सोमवार) की रात्रि को 'लोक रागिनी' सांस्कृतिक संस्था (मरोदा भिलाई) की भव्य प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम का संचालन प्रधानमंत्री द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित सुप्रसिद्ध कलाकार रिखी क्षत्री करेंगे तथा मुख्य गायिका मालती निषाद अपने मधुर स्वरों से समां बांधेंगी। इसी दिन महाअष्टमी के पावन अवसर पर विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न होगा। नवदुर्गा उत्सव समिति तिरगा ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर माताराणी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल रहे मुख्य अतिथि, पारंपरिक गरबा नृत्य से गूंजा परिसर

त्रिदिवसीय रास गरबा महोत्सव का शानदार आगाज, दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



धमधा नगर में आयोजित तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव के दूसरे दिन अपार जनउत्साह देखने को मिला। पारंपरिक परिधानों में सजे युवाओं और श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत की धुनों पर जमकर गरबा नृत्य किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल शामिल हुए। अध्यक्षता नगर कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल जैन ने की, जबकि सर्वोदय संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद ताम्रकार एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष निकेत ताम्रकार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजक वीर ताम्रकार ने अतिथियों व व्यापारी संघ अध्यक्ष आकाश पारख, ब्लॉक किसान बंधु अध्यक्ष आत्मा साहू सहित वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया।मुख्य अतिथि बाबा टेक सिंह चंदेल ने कहा कि गरबा महोत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और समाज में भाईचारे तथा सद्भाव को मजबूत करने का बेहतरीन माध्यम है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ते हैं।

महाषष्ठी पर ग्राम चिंगरी में निकली चुनरी यात्रा



अंडा। शारदीय नवरात्रि की महाषष्ठी के अवसर पर दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में भारद्वाज परिवार द्वारा विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। माता रानी की भक्ति में सराबोर श्रद्धालुओं ने लाल चुनरी के साथ नगर भ्रमण किया। यात्रा में प्रसून भारद्वाज, सूरज भारद्वाज, आदित्य भारद्वाज, तुषार भारद्वाज सहित भारद्वाज परिवार के सदस्यों एवं स्थानीय मोहल्लेवासियों ने प्रमुखता से सहभागिता निभाई। मां दुर्गा के जयकारों से पूरा क्षेत्र धर्ममय हो उठा।

सोलह श्रृंगार से अलौकिक रूप में सजा माता का दरबार



निकुम। क्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम आलबरस स्थित नीम छांव में विराजित मां शीतला मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। शक्ति पर्व पर माता रानी का सोलह श्रृंगार किया गया, जिससे मंदिर का स्वरूप अत्यंत अलौकिक व मनमोहक नजर आ रहा है। महाराज व आचार्य अजय शर्मा, बैगा, नदे ठाकुर, भाव सिंह देशमुख, भक्तू देशमुख, खिलावन धनकर, देवी देशमुख, गजानन धनकर, सोमनाथ देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूरे गांव में भक्ति और उत्सव का माहौल बना हुआ है।

अंचल की खबरें

स्टूडेंट को दिए गए सफलता के मूल मंत्र



उतई। दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर के कैरियर गाइडेंस सेल द्वारा महाविद्यालय में करियर गाइडेंस एवं पोषक शाला संपर्क संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मचांदुर के विद्यार्थी एवं शिक्षकगण आमंत्रित थे। शुरुआत में छात्र-छात्राओं द्वारा आपदा प्रबंधन पर निर्मित मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन अतिथियों ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात करियर के विषयों चयन के बारे में जानकारी दी गई। आयोजनकर्ता डॉ. नीलम एवं डॉ. कल्याणी ने क्रमशः विज्ञान समूह, कला तथा वाणिज्य समूह के विषय चयन के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कई बिंदुओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. संगीता मैहुरिया ने दिया। विकास कुमार दांडेकर ने विद्यार्थियों को अपने करियर में सफलता प्राप्त करने हेतु (सपने देखना, लक्ष्य निर्धारित करना, रुचि पैदा करना, कड़ी मेहनत करना) चार मूल मंत्र साझा किए। पूजा सोनी ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने संबंधी गुर सिखाए। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक नीलम संजीव एक्का, मुकेश सिन्हा, जागृति चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए। वर्षा वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

हेडमास्टर ने बच्चों को कराया 'न्योता भोज'



जामगांव आर। शासकीय प्राथमिक शाला उमरपोटी के प्रधान पाठक बुधारु राम निषाद ने अपने 50वें जन्मदिन को बेहद खास अंदाज में मनाते हुए शाला परिवार और विद्यार्थियों को 'न्योता भोज' कराया। इस अवसर पर उन्होंने केक काटकर बच्चों के साथ अपनी खुशियाँ साझा कीं। स्कूल के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने एक साथ पंगत में बैठकर खीर, पूरी और विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। ग्रामीणों और संकुल के शिक्षकों ने हेडमास्टर की इस प्रेरक पहल की खुले दिल से सराहना की है। इस पावन अवसर पर संकुल आगेसरा के प्रधान पाठक देवराव वैद, अनूप कुमार दुबे, चमेली साहू, मुकुंद कुमार रामटेके, शिवराम ठाकुर, मुकेश कुमार बनपाल, सुशील कुमार नागे, राघवेंद्र कुमार ध्रुव, टिकेश्वरी साहू, वाणी साहू, प्रेमीन साहू और चोवा राम नेताम सहित कई शिक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को खीर और केले का बांटा प्रसाद



अण्डा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में समाजसेवा और धार्मिक आस्था का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी भूपेंद्र साहू ने अपने सुपुत्रों सूर्यांश साहू और दिव्यांश साहू के साथ विद्यालय के कक्षा पहली से छठवीं तक के छात्र-छात्राओं को मीठी खीर और केले का प्रसाद वितरित किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को नवरात्रि पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करना और उनमें धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना रहा। प्रसाद पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय परिसर में इस अवसर पर उत्साह और खुशी का माहौल रहा। कार्यक्रम में प्रधान पाठक सुनीता पारलकर, योगेश्वरी हरमुख, विजयालक्ष्मी पाटिल, पुष्पा गजेंद्र, संतोष शर्मा, बेना निषाद, दुष्यंत चंद्राकर, शिक्षाविद, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।



पाटन नगर पंचायत को 1.36 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पंचायत पाटन के ऑडिटोरियम परिसर (वार्ड क्र. 03) में आयोजित एक भव्य समारोह में 1 करोड़ 36 लाख 3 हजार की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत नगर की स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल थे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सभापति नीलम राजेश चंद्राकर एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष हर्षा लोकमनी चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश (निक्की) भाले ने की। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी, सभापति केवलचंद देवांगन,

- सांसद बघेल और भाजपा प्रदेश मंत्री वर्मा रहे मुख्य अतिथि

भाजपा मंडल अध्यक्ष रानी केशव बछोर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) हेमंत कुमार वर्मा, उप अभियंता प्रवीण कुमार साहू, पार्षदगण, एल्डरमैन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संतोष शर्मा ने किया।

खोपली पंचायत के विकास कार्यों को लेकर विधायक ललित से मिला प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

ग्राम पंचायत खोपली के सर्वांगीण विकास के संबंध में सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सरपंच एवं पंचों ने गांव की मुख्य सड़कों के सीमेंटीकरण, नाली निर्माण, जल निकासी, महतारी सदन, शुद्ध पेयजल आपूर्ति एवं स्ट्रीट लाइट लगाने जैसी मूलभूत मांगों का मांग पत्र सौंपा। विधायक ललित चंद्राकर ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए और आश्वस्त किया कि पंचायत के

- सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा के नेतृत्व में सौंपी गई मांगों की सूची

विकास में राशि की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर उपसरपंच देवेंद्र भारती, पंच रंजना वर्मा, संगीता पटेल, कुमारी बाई, सिलोचना सिरमौर, गोदावरी देशलहरे, फूलमत सोनवानी, जानकी साहू, दामिनी साहू, कमलेश्वरी साहू, रमेश वर्मा, गजेंद्र चंद्राकर आदि मौजूद थे।

ग्रामीण महिलाओं ने प्रतियोगिता में दिखाया उत्साह

अंडा। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम कोनारी में 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद सदस्य बेला यादव एवं झुनिया साहू ने भारत माता के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।



नपा कुम्हारी में वृहद 'सेवा सेतु शिविर' का आयोजन

आवेदनों का मौके पर ही किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 स्थित सांस्कृतिक भवन में वृहद 'सेवा सेतु शिविर' का आयोजन किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) नेतराम चंद्राकर के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, और अधिकारियों-कर्मचारियों की तत्परता से सभी 35 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया।

सर्वाधिक 10 आवेदन राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त हुए, जिनका तत्काल समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त पेंशन, आधार, आयुष्मान भारत, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड तथा महतारी वंदन योजना के आवेदनों पर भी त्वरित कार्यवाही की गई। कृषि, स्वास्थ्य, पुलिस, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण तथा वन विभाग द्वारा भी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान पार्षद लोकेश साहू, अश्वनी देशलहरे, उमाकांत साहू, अनुराग गुप्ता, मिथिलेश यादव सहित कई जनप्रतिनिधि व निकाय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



सड़क पर वाहन खड़ा करने वालों पर कार्रवाई

भिलाई। ट्रैफिक पुलिस ने सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा कर सड़क बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किया है। 17 अक्टूबर को सुपेला से पावर हाउस मार्ग तक सड़क पर वाहन खड़ा कर ट्रैफिक में बाधा उत्पन्न करने वाले ऑटो डील संचालकों के खिलाफ नगर निगम के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों के कारण होने वाली ट्रैफिक से जुड़े समस्याओं को दूर करने, आवागमन सुचारु बनाए रखने की पहल की। इसके अतिरिक्त पावर हाउस ऑटो स्टैंड में ऑटो चालकों को समझाइश देते हुए निर्देश दिए गए कि वे सड़क के बीच या आवागमन वाले मार्ग पर ऑटो खड़ा न करें। अपने ऑटो निर्धारित स्थान पर अथवा सड़क के किनारे व्यवस्थित तरीके से खड़े करें। आम नागरिकों, दो पहिया औरचार पहिया वाहन चालकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो और अनावश्यक जाम की स्थिति निर्मित न हो। ऑटो चालकों को यह भी निर्देश दिया कि वे हमेशा वर्दी में वाहन चलाएं, ट्रैफिक नियमों का पालन करें। अपने वाहन को इस प्रकार खड़ा न करें जिससे सड़क पर आवागमन बाधित हो।

निधन

चंद्रबली अग्रवाल

दुर्ग । मरोदा निवासी चंद्रबली



अग्रवाल 86 वर्ष का निधन शनिवार की शाम को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 18 अक्टूबर को स्थानीय मुक्तिधाम टंकी मरोदा रिसाली मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे श्याम सुंदर अग्रवाल एवं शिवम न्यूज एजेंसी के संचालक नरेंद्र अग्रवाल की माता थीं।

बीएसपी को लेकर जुबानी जंग तेज, रिकेश सेन और मनीष पांडेय ने देवेंद्र को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई





बीएसपी को अडानी को बेचे जाने और उनके भिलाई आगमन को लेकर जुबानी जंग तेज हो गई है। यह बात कहां तक सही है, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। कांग्रेस नेताओं और भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के इस विषय को लेकर दिए गए बयान के बाद भिलाई की राजनीतिक गर्मा गई है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने सोशल मीडिया में इस विषय को लेकर लिखा कि देवेंद्र यादव भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके विरोध में वे उनके निवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे। वहीं श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने भी देवेंद्र पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देवेंद्र जनता में यह भ्रामक डर फैला रहे हैं कि भिलाई स्टील प्लांट को अडानी को बेचा जा रहा है। उन्होंने पूछा कि 2021-22 में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने अडानी समूह को बिजली प्रोजेक्ट सौंपे, छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार ने हसदेव अरण्य के जंगलों की कटाई की मंजूरी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि वे कांग्रेस



के राष्ट्रीय नेतृत्व की तर्ज पर स्थानीय स्तर पर भी लगातार झूठ, भ्रम और भय की राजनीति कर रहे हैं। मनीष पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी पूरे देश में चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर अनर्गल प्रलाप और भ्रम फैलाने में लगे हुए हैं। उन्हीं के नक्शेकदम पर चलते हुए भिलाई विधायक भी सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए भ्रम का जाल बुन रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि भिलाई में SIR प्रक्रिया के तहत कटे 40 हजार नामों को लेकर जब कांग्रेस के अधिकृत बीएलए-2 ने स्थानीय निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष आपत्तियां दर्ज कराई थीं और प्रशासन ने नियमानुसार सबकी सुनवाई की, तो फिर सब कुछ सही होने के बावजूद दिल्ली जाकर राहुल गांधी के साथ धरने-प्रदर्शन का ड्रामा करने का क्या औचित्य था ?

जुनवानी तालाब में जलकुंभी से पानी का रंग काला, सुपेला के शीतला तालाब में गंदगी

तालाबों पर बदहाली का कब्जा, कहीं जलकुंभी तो कहीं गंदगी का अंबार, लोगों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर के तालाबों को स्वच्छ और संरक्षित रखने के दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। नगर निगम क्षेत्र के कई तालाब साफ-सफाई के अभाव में बदहाली का शिकार हैं। कहीं पानी की सतह पर जलकुंभी का कब्जा है, तो कहीं तालाब के आसपास गंदगी पसरी हुई है। वार्ड-1 जुनवानी स्थित तालाब और वार्ड-16 सुपेला के शीतला तालाब की स्थिति इस समस्या को उजागर कर रही है। इन तालाबों की दुर्दशा से स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

वार्ड-1 जुनवानी स्थित तालाब की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। तालाब में बड़ी मात्रा में जलकुंभी फैल गई है। इसके कारण पानी की सतह का बड़ा हिस्सा ढक गया है। वहीं, गंदगी के कारण तालाब के पानी का रंग भी काला पड़ गया है। तालाब की इस स्थिति से न केवल इसकी सुंदरता प्रभावित हो रही है, बल्कि इसके उपयोग को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय निवासी अमनजीत साहू ने बताया कि तालाब की साफ-सफाई कराने के लिए नगर निगम आयुक्त और जिला कलेक्टर को कई बार आवेदन दिया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि शिकायत करने पर आश्वासन तो मिलता है, लेकिन तालाब की स्थिति में सुधार दिखाई नहीं देता।

स्थानीय लोगों ने निगम के अधिकारियों को कराया अवगत



सुपेला के शीतला तालाब में भी गंदगी, भैंसों को नहलाने से बढ़ रही परेशानी



वार्ड-16 सुपेला स्थित शीतला तालाब की स्थिति भी बेहतर नहीं है। यहां तालाब के चारों ओर गंदगी पसरी हुई है और पानी भी काफी गंदा हो गया है। तालाब में भैंसों को नहलाए जाने की स्थिति भी सामने आ रही है, जिससे इसकी स्वच्छता को लेकर चिंता बढ़ गई है। तालाब जैसे सार्वजनिक जलस्रोतों के आसपास साफ-सफाई और उचित रखरखाव की जरूरत होती है। तालाब के पानी को स्वच्छ बनाए रखने और आसपास गंदगी जमा होने से रोकने के लिए नियमित सफाई की आवश्यकता है। स्थानीय लोगों की मांग है कि तालाबों का निरीक्षण करें और सफाई के लिए ठोस कार्ययोजना बनाएं। तालाब में फैली गंदगी दूर करने के लिए नियमित अभियान चलाया जाना चाहिए।

अंतिम संस्कार के बाद क्रिया-कर्म में परेशानी

जुनवानी तालाब का महत्व केवल जलस्रोत तक सीमित नहीं है। स्थानीय लोग अंतिम संस्कार के बाद होने वाले क्रिया-कर्म के लिए भी इस तालाब का उपयोग करते हैं। ऐसे में तालाब की गंदगी और जलकुंभी से भरी स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। जिस स्थान का उपयोग सामाजिक और धार्मिक परंपराओं से जुड़े कार्यों में किया जाता है, वहां स्वच्छता का अभाव लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। स्थानीय लोगों की मांग है कि तालाब से जलकुंभी हटाई जाए, पानी और आसपास के क्षेत्र की सफाई कराई जाए तथा नियमित रखरखाव की व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि केवल आश्वासन देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। इसके लिए मौके पर कार्रवाई करना जरूरी है।

सफाई के निर्देश

तालाबों में जलकुंभी की सफाई को लेकर निगम आयुक्त द्वारा सभी जोन अध्यक्षों को निर्देश दिए गए है। दीवावली के पहले सभी तालाबों की सफाई कराई जाएगी। नागिरकों से भी अपील है कि वे अपने क्षेत्र में स्थित तालाबों में गंदगी न फैलाएं।

-जावेद अली, स्वास्थ्य अधिकारी

हाइजीनिक फूड जोन से ई-बस डिपो पहुंचीं आयुक्त सुरुचि सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुरुचि सिंह ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का स्थलवार निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने चंद्रा-मौर्या चौक के सामने निर्माणाधीन हाइजीनिक फूड जोन, संजय नगर तालाब मैदान, ई-बस डिपो निर्माण तथा खम्हरिया स्थित एएचपी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्माण की गुणवत्ता, सुव्यवस्थित क्रियान्वयन और समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। आयुक्त ने निर्माणाधीन हाइजीनिक फूड जोन का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। फूड जोन को स्वच्छ, व्यवस्थित और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से निर्माण की गुणवत्ता तथा परिसर के बेहतर नियोजन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।परिसर में स्वच्छता, जल निकासी, कचरा संग्रहण, पेयजल एवं साफ-सफाई की व्यवस्था को ध्यान में रखा जाए, ताकि भविष्य में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

संजयनगर तालाब का किया निरीक्षण

आयुक्त ने संजय नगर तालाब मैदान का निरीक्षण कर स्थल की स्थिति का जायजा लिया। आयुक्त ने खम्हरिया स्थित एएचपी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने आवासों से संबंधित विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। आवास निर्माण के साथ-साथ हितग्राहियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना भी महत्वपूर्ण है। आवासों में मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

ई बस डिपो में सुविधाएं देखी

ई-बस डिपो के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। ई-बस संचालन के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का समय पर विकास महत्वपूर्ण है, ताकि तैयार होने के बाद बसों के संचालन एवं रखरखाव में सुविधा हो। निर्माण में गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए बसों की पार्किंग, चार्जिंग व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा, रखरखाव और आवश्यक परिचालन सुविधाओं के समुचित प्रावधान पर ध्यान दिया जाए। संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्यों को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाए।

खुर्सीपार के दुर्गा पंडाल में दर्शन को पहुंचे डीजीपी अरुण देव गौतम



भिलाई। खुर्सीपार स्थित सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के पंडाल में माँ दुर्गा के दर्शन-पूजन कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर डीजीपी अरुण देव गौतम सह परिवार सहित एसएसपी विजय अग्रवाल, एडिशनल एसपी शोभराज अग्रवाल, कौशलेंद्र पटेल, सीएसपी प्रशांत पैकरा, जीटीआई लक्ष्मण केवट शामिल हुए।

मतदाता सूची कार्य में लापरवाही, तीन को नोटिस, एक निलंबित

भिलाई। भिलाई निगम के सहायक उप निरीक्षक विनोद वर्मा को निलंबित कर दिया गया है। वर्मा की मतदाता सूची कार्य में बीएलओ के रूप में ड्यूटी लगाई गई थी। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर यह कार्रवाई की गई। उनके अलावा तीन कर्मियों को इसी तरह की लापरवाही बरतने के मामले में नोटिस जारी किया गया है। जिसमें पंप सहायक महेंद्र त्रिपाठी,सहायक ग्रेड तीन शुभंम रामटेके और भृत्य अमिशा घनघोरकर शामिल हैं। इन कर्मचारियों को मतदाता सूची अनुसार भाग अनुभाग निर्धारित कर मार्किंग करने और उसकी एंट्री डाटा आपरेटरों के जरिए साफ्टवेयर में करवाना था। इस कार्य को नहीं किया गया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुंबई और चेन्नई के गवाहों के बयान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



न्याय पाने के लिए दूरी बाधा न बने और न्यायिक प्रक्रिया समय तथा संसाधनों के लिहाज से अधिक सुगम हो, इसी उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग शुरू किया गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक जमानत आवेदन पर सुनवाई कर उसका निराकरण किया गया, वहीं मुंबई और चेन्नई में मौजूद महत्वपूर्ण गवाहों के बयान एवं प्रतिपरीक्षण की कार्यवाही भी पूरी कराई गई। अधिवक्ताओं ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर जमानत आवेदन पर अपना पक्ष रखा।

न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आवेदन का विधिवत निराकरण किया। इस व्यवस्था से अधिवक्ताओं को वर्चुअल माध्यम से कार्यवाही में भाग लेने की सुविधा मिली और आवागमन में लगने वाले समय एवं संसाधनों की बचत में सहायता मिली। एक अन्य विचारणाधीन प्रकरण में मुंबई और चेन्नई में निवासरत महत्वपूर्ण गवाहों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायिक कार्यवाही से जोड़ा गया। निर्धारित तकनीकी एवं विधिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उनके बयान दर्ज किए गए तथा प्रतिपरीक्षण की कार्यवाही पूरी कराई गई। इससे लंबी दूरी की यात्रा से जुड़ी कठिनाइयों को कम करने और साक्ष्य दर्ज करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में सुविधा मिली। डीजे के. विनोद कुजूर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेश कुमार भागवतकर के निर्देशन में यह कार्य शुरू किया गया।

सुपेला चौक से चंद्रा मौर्या चौक तक अवैध पार्किंग पर निगम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

निगम के जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत सुपेला चौक से चंद्रा मौर्या चौक तक सड़क पर अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों एवं अवैध पार्किंग के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई की गई। अभियान में नगर निगम जोन क्रमांक 01 के राजस्व विभाग एवं यातायात पुलिस विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सड़क पर वाहनों की अवैध पार्किंग रोकने के लिए अभियान चलाया। मुख्य मार्ग पर वाहनों को बेतरतीब तरीके से खड़ा किए जाने से रोका गया। सड़क पर खड़े वाहनों एवं अवैध पार्किंग की जांच की गई। वाहन चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़ा करने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए समझाइश दी गई। सड़क पर वाहनों को इस प्रकार खड़ा नहीं करने की हिदायत दी गई, जिससे आम नागरिकों एवं अन्य वाहन चालकों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो।



अव्यवस्थित पार्किंग से हो रही है लोगों को परेशानी

सड़क किनारे एवं आवागमन वाले स्थानों पर अव्यवस्थित पार्किंग से राहगीरों, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। निगम प्रशासन का उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों को अवैध पार्किंग एवं यातायात अवरोध से मुक्त कर नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। विशेषकर व्यस्ततम चौक-चौराहों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण यातायात बाधित होता है। इसे व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम एवं यातायात पुलिस द्वारा समन्वय के साथ कार्रवाई की जा रही है।

बिजनेस साइट

ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट उपलब्ध



दुर्ग। दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट)एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपोर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।

हरिभूमि की प्रकाशित खबर पर निगम प्रशासन ने की थी कार्रवाई

अवैध कब्जे की जगह पर बनेगी 13.59 करोड़ से पानी टंकी


शासकीय भूमि में अवैध रास्ता निगम ने हटाया, मेसर्स अंजनी डेवलपर्स होगी बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जुनवानी क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे वाली स्थान पर अब पानी टंकी बनेगी। शासन ने इस जगह पर 13.59 करोड़ रुपए की लागत से नई पानी टंकी तैयार करने की मंजूरी दे दी है। साथ ही पाइपलाइन नेटवर्क तैयार करने की योजना बनाई है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद अब इस परियोजना से उन परिवारों को राहत मिलेगी, जिन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पानी की उपलब्धता को लेकर परेशानी उठानी पड़ती है। खास बात यह है कि जुनवानी के खसरा नंबर 199 की जमीन पर हरिभूमि ने भूमाफियाओं द्वारा कब्जे होने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की और इस पर भिलाई निगम ने कार्रवाई की थी।

इसलिए है पानी टंकी की महत्ती जरूरत

जुनवानी क्षेत्र में तेजी से विकसित हुई निजी कॉलोनियों और शैक्षणिक व चिकित्सा संस्थानों में पानी की जरूरत लगातार बढ़ रही है। ऐसे में नई योजना को केवल निर्माण कार्य के रूप में नहीं, बल्कि बुनियादी नागरिक सुविधा से जोड़कर देखा जा रहा है। योजना के तहत वार्ड-1 जुनवानी के मुख्य मार्ग पर 32 लाख लीटर क्षमता की पानी टंकी बनाई जाएगी। पूरे प्रोजेक्ट पर जीएसटी सहित करीब 13.59 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

अस्पतालों और कॉलेजों को भी मिलेगा लाभ

इस योजना में निजी कॉलोनियों के साथ ग्रीन वैली फेज-1, फेज-2 और चोहन टाउन सहित अन्य क्षेत्रों को शामिल किया गया है। जुनवानी में स्थित शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे संस्थानों को भी इससे पानी की सुविधा मिलेगी। इन संस्थानों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, कर्मचारी और मरीज निर्भर रहते हैं। इसलिए नियमित जलापूर्ति से उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल सकती है।

इस तरह मिली है योजना की मंजूरी :

योजना के तहत 400 मीटर लंबा बाउंड्रीवॉल बनाया जाएगा। मौजूदा 66 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से नई टंकी तक पानी पहुंचाने के लिए 300 एमएम व्यास की चार किलोमीटर लंबी बटरफ्लाई वाल्व पाइपलाइन बिछाई जाएगी। टंकी तक पानी पहुंचाने के लिए 70 एचपी की पंपिंग मशीनें लगेंगी। इसके अलावा 66 एमएलडी प्लांट परिसर में दो एमएलडी क्षमता का भूमिगत आरसीसी संप भी बनाया जाएगा।

हो रहा था कब्जा

निगम का प्रोजेक्ट प्रस्तावित था, वहां अवैध कब्जा किया जा रहा था। जिसे कार्रवाई कर खाली कराया गया। अब शासन से मंजूरी मिलने के बाद पानी टंकी का निर्माण कराया जाएगा। शासन से इसके लिए पैसे की मंजूरी दे दी है। लोगों को इससे बड़ी राहत मिलेगी।


-भोजराज सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष भिलाई निगम

माँ महागौरी

तप, त्याग और पवित्रता की प्रतीक हैं मां दुर्गा का आठवां स्वरूप

नवरात्रि के आठवें दिन होती है मां महागौरी की आराधना, भक्तों को मिलता है सुख-समृद्धि और शांति का आशीर्वाद

शारदीय और चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना की जाती है। मां महागौरी को पवित्रता, शांति, करुणा और सौभाग्य की देवी माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, उनकी आराधना से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और भक्तों को सुख, समृद्धि तथा आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है। मां का उज्ज्वल स्वरूप यह संदेश देता है कि तप, संयम और अटूट श्रद्धा से जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।













पौराणिक कथा

पुराणों के अनुसार, माँ पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इस तपस्या से उनका शरीर कृष्णवर्ण (काला) हो गया। भगवान शिव उनके तप से प्रसन्न हुए और उन्हें गंगा जल से स्नान कराया। स्नान करने के बाद उनका रंग अत्यंत गोरा और उज्ज्वल हो गया। तभी से वे "महागौरी" के नाम से विख्यात हुईं।

माँ महागौरी के बारे में यह भी कहा जाता है कि वे अपनी तपस्या और शक्ति से सभी पापों का नाश कर देती हैं और भक्तों को निर्मल मन और वैवाहिक सुख प्रदान करती हैं।

आराधना का महत्व

माँ महागौरी की पूजा नवरात्रि के अष्टम दिन करने से साधक को निम्नलिखित फल प्राप्त होते हैं –

मन और आत्मा की शुद्धि
भौतिक व आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति
विवाह में आने वाली बाधाओं का निवारण
भय, दुख और क्लेश का नाश
धन, समृद्धि व संतानों का सुख

इस दिन कन्या पूजन (कुमारियों को भोजन व वस्त्र अर्पण) का भी विशेष महत्व है। माना जाता है कि कन्याओं में स्वयं महागौरी का वास होता है।

पूजन विधि

माँ महागौरी की पूजा के लिए भक्त को श्वेत वस्त्र पहनकर, सफेद फूल, नारियल, खीर या सफेद मिठाई चढ़ानी चाहिए। पूजा के समय यह मंत्र जपना अत्यंत शुभ माना जाता है:

मंत्र: - "ॐ देवी महागौर्यै नमः॥"

"सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते॥"

माँ महागौरी का प्रतीकात्मक महत्व

माँ महागौरी का स्वरूप हमें यह शिक्षा देता है कि तप, संयम और श्रद्धा से जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाई क्यों न आए, अंततः निर्मलता, शांति और सफलता प्राप्त होती है। उनका सफेद रंग पवित्रता, क्षमा और करुणा का प्रतीक है। वृषभ (सवारी) धैर्य व स्थिरता का प्रतीक है। त्रिशूल (शक्ति) और डमरू (सृजन) जीवन के संतुलन का संदेश देते हैं।

माँ महागौरी की उपासना से साधक के जीवन से सभी क्लेश और पाप दूर हो जाते हैं तथा उसका मन निर्मल और शांत हो जाता है। नवरात्रि के आठवें दिन इनकी पूजा से संसारिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार के सुख की प्राप्ति होती है। माँ महागौरी भक्तों के दुख हरने वाली और मोक्ष प्रदान करने वाली देवी हैं।

